दिनांक–26.09.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- सागर में कल क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का आयोजन, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि इससे बुंदेलखंड में निवेश को गति मिलेगी।
- राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज छिंदवाड़ा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।
- धार जिले में छात्रावास में दो बच्चों की करंट से मौत के मामले में जनजातीय कार्य मंत्री ने एफआईआर कराने के दिए निर्देश।
- राज्य स्तरीय स्कूली फूटबाल प्रतियोगिता जनजातीय कार्य विभाग डिंडौरी ने जीती।

उद्योग सम्मेलन–मुख्यमंत्री

प्रदेष के सागर में कल क्षेत्रीय औद्योगिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि क्षेत्रीय अंचलों में होने वाले क्षेत्रीय औद्योगिक सम्मेलन से निवेश को गति मिल रही है। इससे क्षेत्र के विकास के साथ बड़ी संख्या में रोजगार सृजन भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश–विदेश के उद्योगपतियों ने सम्मेलन में शामिल होने और निवेश में रूचि दिखाई है। सागर जिले में 5 औद्योगिक क्षेत्रों में कुल 440 एकड़ भूमि पर 206 औद्योगिक इकाइयाँ कार्यरत हैं। इन इकाइयों में लगभग 211 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश हुआ है और 4 हजार 789 लोगों को रोजगार मिल रहा है। इससे पहले आज बुंदेलखंड हैकाथॉन–2024: यानि नए विचारों का उत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा। यह हैकाथॉन बुंदेलखंड में नए विचारों और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई है। इस हैकाथॉन में 600 से अधिक स्टार्टअप ने प्रविष्टियाँ भेजी थी जिसमे से 60 सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप फाइनल में पहुंचे हैं। सागर संभाग की चुनिंदा समस्याओं पर स्टार्टअप द्वारा समाधान प्रस्तुत किये जाएंगे।

स्वच्छता ही सेवा

राज्यपाल मंगू भाई पटेल आज छिंदवाड़ा जिले में ग्राम छिंदी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा करेंगे और स्वच्छता अभियान के अंतर्गत "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय छिन्दवाड़ा दवारा स्वच्छता ही सेवा विषय पर आज विशेष जागरूकता कार्यक्रम सुक्लुढाना छिन्दवाड़ा परिसर में दोपहर में आयोजित किया जाएगा। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत आगरमालवा जिले के नलखेड़ा, सुसनेर, बडौद व सोयतकलां के स्वास्थ्य केन्द्रों में ग्रामीण स्थानीय निकाय (ग्राम पंचायत) के सफाई मित्रों का स्वास्थ परीक्षण कर उन्हे डिग्निटी कार्ड प्रदाय किये गये। डिंडोरी में कल समस्त जनपद पंचायतों और दोनों नगर परिषदो में विभिन्न स्वच्छता सम्बंधित कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिले के विभिन्न ग्रामों, मोहल्लों, सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों में स्वच्छता रैली, चौपाल, चित्रकला, स्वच्छता की शपथ जैसी अन्य गतिविधियां आयोजित की गई।

धार–करंट मौत

धार जिले के सरदारपुर विकासखंड क्षेत्र के शासकीय अनुसूचित जनजाति सीनियर बालक छात्रावास, रिंगनोद में कल सुबह दो छात्रावासी बालकों की करंट लगने से मृत्यु हो गई। जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह घटना की जानकारी लेने आज रिंगनोद जायेंगे। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने इस दुर्घटना को संज्ञान में लेकर जांच कराने एवं एफआईआर कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को घटना के लिये जिम्मेदार शासकीय सेवकों पर सख्त कार्रवाई करने तथा ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिये सभी छात्रावासों में सुरक्षा के समुचित प्रबंध करने के निर्देश भी दिये हैं। इंदौर संभाग आयुक्त दीपक सिंह द्वारा प्रभारी सहायक आयुक्त, को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला कलेक्टर ने शासकीय अनुसूचित जनजाति सीनियर बालक छात्रावास रिंगनोद के प्रभारी छात्रावास अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

साथ ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सरदारपुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी बीच आज जनजातीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव ई. रमेश कुमार आज विभागीय छात्रावासों की सुरक्षा के संबंध में बैठक लेंगे।

रैन–बसेरे

प्रदेश के 16 नगर निगम क्षेत्रों में मॉडल रैन–बसेरों का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए शासन ने श्रम विभाग को प्रति मॉडल रैन–बसेरा 6.10 करोड़ रूपए के मान से 100 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की है। श्रम विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों और एजेंसियों ने रैन–बसेरों के निर्माण की कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रदेश के शहरों में संचालित रैन–बसेरों की जानकारी ली है। विभिन्न कार्यों से ग्रामीण शहरों में पहुंचते हैं। इनके रात्रि विश्राम के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से श्रम विभाग के माध्यम से रैन–बसेरों के निर्माण का कार्य होगा। उल्लेखनीय है कि नगर निगमों के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख नगरों में दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत 121 आश्रय स्थल संचालित हैं। यहां शहरी बेघर आकर भी शरण लेते हैं।

सरकार 100 दिन/किसान, नरसिंहपुर

केंद्र में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरा होने पर नरसिंहपुर जिले के किसानों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 2014 से जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है तब से किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है और उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इसके साथ ही साथ पीएम आवास जैसी योजनाओं का लाभ भी किसानों को मिला है जिससे किसानों के जीवन स्तर में बदलाव आया है। नरसिंहपुर के किसान रूप सिंह झारिया बता रहे हैं कि .....

मक्सी घटना

षाजापुर जिले के मक्सी में दो गुटों के बीच झड़प के बाद हालात नियंत्रण में बताए गए हैं। कुछ लोग घायल भी हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मक्सी में हुई घटना के संबंध में उज्जैन संभाग आयुक्त और पुलिस महानिरीक्षक से जानकारी ली। दोनों अधिकारियों ने मक्सी का दौरा किया है। घटना के संबंध में मुख्यमंत्री ने सभी तथ्यों की जानकारी प्राप्त की। मक्सी जिला शाजापुर में वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है। कुछ व्यक्तियों के परस्पर संघर्ष के बाद उत्पन्न स्थितियों की जानकारी भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राप्त की और अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुछ व्यक्तियों के बीच परस्पर हुए विवाद में घायल हुए लोगों के उपचार के निर्देश भी दिए।

राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

षाजापुर जिले के षुजालपुर में 68 वीं शालेय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता जनजाति कार्य विभाग डिंडौरी ने जीती है। फाइनल मुकाबला जनजाति कार्य विभाग डिंडौरी और इंदौर संभाग के बीच खेला गया। जिसमें डिंडौरी की टीम ने 3–0 से फाइनल मुकाबला जीत कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। स्पर्धा में जबलपुर, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, शहडोल, रीवा, ग्वालियर जनजाति कार्य संभाग सम्मिलित हुए। जनजाति कार्य विभाग डिंडौरी की 17 वर्षीय जूनियर बालिका वर्ग की टीम ने पहले मैच में ग्वालियर को 6–0, दूसरे मैच में इंदौर संभाग को 2–0 से एवं नर्मदापुरम संभाग को 2–1, से हराया। सेमीफाइनल मुकाबले में उज्जैन संभाग को 2–0 गोल से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फुटबॉल की चयनित खिलाड़ी स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की राष्ट्रीय स्पर्धा जम्मू कश्मीर में आगामी अक्टूबर माह में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लेंगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- आयुष्मान पखवाड़ा के अंतर्गत कटनी जिला चिकित्सालय मे आधार कार्ड बनाने एक दिवसीय विशेष शिविर लगाया जा रहा है। इसमें जिले में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड व आम नागरिकों की आभा आईडी बनाए जा रहे है। साथ ही 70 वर्ष व उससे अधिक उम्र के नागरिकों को भी आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

- रायसेन जिले में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत औबेदुल्लागंज में दुकानों पर जाकर नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की समझाईश देते हुए पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया।
- मुरैना नगर निगम द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्कूलों में स्वच्छ भारत स्वच्छ मुरैना कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- पन्ना में आगामी त्यौहार उल्लासपूर्ण माहौल में एवं शांतिपूर्वक मनाए जाने के लिए कल जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई।
- आगरमालवा जिले की नलखेड़ा जनपद पंचायत में कल आयोजित षिविर में कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण के लिए 58 दिव्यांगजनो को पात्र पाया गया है।
- डिंडोरी में खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज उपार्जन के पंजीयन के लिए जिले में 26 केंद्र स्थापित किये गए हैं।
- पन्ना जिले के ग्राम बगहा में कल बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई।

..................................